कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक 08.12.2024

विषयः- शातिर वाहन चोर थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल व नगदी बरामद ।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नेरट वाराणसी द्वारा चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने एवं चोरी गयी सम्पत्ति की बरामदगी के क्रम में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में दिनांक 07.12..2024 को लंका पुलिस द्वारा नरिया तिराहा - करौंदी मार्ग के पास से 01 नफर अभियुक्त किशन कुमार श्रीवास्तव पुत्र विजय कुमार श्रीवास्तव निवासी चन्दन नगर करौंदी थाना चितईपुर वाराणसी उम्र 22 को गिरफ्तार किया गया, व एक नफर बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः-

(1). दिनांक 30.07.2024 को वादी मुकदमा द्वारा BHU हास्पिटल अज्ञात चोर द्वारा मोटरसाइकिल संख्या बुलेट संख्या UP 67 AK 1662 चोरी कर लिये जाने की लिखित शिकायत के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0319/2024 अन्तर्गत धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया । तथा वाहन व अज्ञात चोर की तलाश हेतु थाना लंका से टीम गठित की गयी।

(2). दिनांक 28.11.2024 को वादी मुकदमा द्वारा BHU गेट नं0 02 से अज्ञात चोर द्वारा मोटरसाइकिल संख्या PB 35 N 1704 चोरी कर लिये जाने की लिखित शिकायत के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0477/2024 अन्तर्गत धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया । तथा वाहन व अज्ञात चोर की तलाश हेतु थाना स्थानीय से टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा वाहन व चोर की तलाश के क्रम में दिनांक 07.12.2024 को नरिया करौंदी रोड से एक नफर अभियुक्त किशन कुमार श्रीवास्तव पुत्र विजय कुमार श्रीवास्तव नि0 चन्दन नगर करौंदी थाना चितईपुर वाराणसी उम्र 22 वर्ष व एक नफर अपचारी को किया गया। जिसके कब्जे से मौके से एक अदद मोटरसाइकिल रायल इन्फील्ड बारंग रेबल रेड़ 350 CC हन्टर संख्या UP 67 AK 1662 तथा 2000 नगद बरामद हुआ।

पूछताछ विवरण-

अभियुक्त व अपचारी द्वारा पूछताछ पर बता रहा है कि साहब हम लोग एक गाड़ी रायल इन्फिल्ड UP 67 AK 1662 बी0एच0यू0 गेट नं0 02 से चुराई थी जिसमे आप लोगों ने बरामद कर लिया है तथा एक गाड़ी PB 35 N 1704 बी0एच0यू0 कैम्पस आई0एम0एस0 गेट के अन्दर से चुराई थी जो चलने के लायक नही थी जिसको हम लोगो ने हाइवे पर राहगीरों को 6000 रुपये में बेच दिया था प्राप्त उन रूपयों से अपने शौक पूरा करते थे जिसमें से ये 2000 रुपये बचे थे जिसे आप लोगो नें बरामद कर लिये साहब मुझे माफ कर दीजिए आगे से मैं चोरी नहीं करूंगा।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. किशन कुमार श्रीवास्तव पुत्र विजय कुमार श्रीवास्तव नि0 चन्दन नगर करौंदी थाना चितईपुर वाराणसी उम्र 22 वर्ष
2. बाल अपचारी

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक गिरफ्तारी 07.12.2024 को नरिया तिराहा से करौंदी मार्ग में 100 मीटर आगे, थाना क्षेत्र चितईपुर, कमि0 वाराणसी।

पंजीकृत अभियोग का विवरण -

1. मु0अ0सं0 0319/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 0477/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना रामनगर, कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. उ0नि0 शिवाकर मिश्रा, चौकी प्रभारी बी0एच0यू0, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 सिद्वान्त कुमार राय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 सूर्य प्रकाश, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 चन्दन गौतम, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
कार्यालय पुलिस उपायुक्त,
जोन-काशी कमिश्नरेट वाराणसी